पैरा एशियन गेम्स : पीएम मोदी ने भारतीय दल को रिकॉर्ड प्रदर्शन पर दी बधाई

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरा एशियन गेम्स 2026 में भारतीय पैरा एथलीटों के शानदार प्रदर्शन और रिकॉर्ड 114 पदक जीतने पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने देश के इस अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को दबदबा कायम किया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए पीएम मोदी ने एथलीटों के दृढ़ संकल्प और असाधारण प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा, पैरा एशियन गेम्स







राष्ट्र के लिए अपार गर्व और आनंद का क्षण बताया है। पैरा एशियन गेम्स 2026 में भारत ने अपने अभियान का समापन कुल 114 पदकों के साथ किया, जिसमें 30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य पदक शामिल हैं। भारतीय पैरा एथलीटों ने कई स्पर्धाओं में विश्व रिकॉर्ड, ऐतिहासिक जीत और पोडियम पर अपना 2026 में हमारे पैरा एथलीटों की यह बेहद असाधारण उपलब्धि है! रिकॉर्ड 114 पदकों के साथ, यह खेलों में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

यह पूरे देश के लिए अपार गर्व और आनंद का अवसर है। मैं भारतीय दल के प्रत्येक सदस्य को उनकी असाधारण दृढ़ता के लिए बधाई देता हूं। प्रत्येक एथलीट ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि में योगदान दिया है और अपनी सफलताओं से अनगिनत भारतीयों को प्रेरित किया है।

भारत ने पिछले संस्करण के 108 पदकों के आंकड़े को पीछे छोड़ दिय, जिसमें 27 स्वर्ण, 32 रजत और 49 कांस्य पदक शामिल थे (हालांकि डोपिंग मामलों के कारण पिछले संस्करण में तीन पदक वापस ले लिए गए थे)।

इस बार आइची-नागोया में भारत का प्रदर्शन उम्मीदों से कहीं अधिक रहा, खासकर तब जब इस बार का दल पिछले संस्करण यानी हांग्झू की तुलना में काफी छोटा था, जिसमें 309 एथलीटों के मुकाबले इस बार केवल 168 पैरा-एथलीटों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

विभिन्न खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया।

रोहित शर्मा ने मुस्कुराते हुए किया रिटायरमेंट का जिक्र

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस क्लिप में रोहित अपने बारे में सुनी गई एक अफवाह से जुड़े सवाल का जवाब देते नजर आ रहे हैं। उनका मुस्कुराते हुए जवाब देने का अंदाज फैंस का ध्यान खींच रहा है। 'फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा' शो के 'आस्क मी एनीथिंग' सेगमेंट में रोहित शर्मा, करिश्मा कपूर और चंकी पांडे से सवाल पूछा गया कि उन्होंने अपने बारे में कौन-सी मशहूर अफवाह सुनी है। इसी दौरान रोहित ने अपने रिटायरमेंट से जुड़ी अफवाहों का जिक्र किया। वीडियो में रोहित शर्मा इस सवाल का जवाब देते हुए मुस्कुराते नजर आते हैं। रोहित कहते हैं कि मैंने अपने बारे में यह अफवाह सुनी है, सुना था और सुन रहा हूं कि मैं अभी रिटायर होने वाला हूं। इसके बाद चंकी पांडे और शो में मौजूद अन्य लोग नहीं, नेवर कहते सुने जा सकते हैं। वहीं, फैंस खड़े होकर ताली बजाते हैं।क्लिप में रोहित के जवाब के बाद चंकी पांडे और वहां मौजूद अन्य लोगों की प्रतिक्रिया भी देखने को मिलती है। लोग हंसते, तालियां बजाते और उत्साह जताते नजर आते हैं। स्टूडियो का माहौल खुशनुमा दिखाई देता है। रोहित का सहज और मुस्कुराता हुआ अंदाज इस वीडियो को दिलचस्प बना रहा है। यही वजह है कि यह क्लिप सोशल मीडिया पर क्रिकेट फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलते नजर आएंगे। यह सीरीज अगले महीने शुरू होगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 वनडे मैच की सीरीज में रोहित की कोशिश बड़ी पारी खेलकर 2027 विश्व कप तक टीम में बने रहने की होगी।



मुख्यमंत्री आज करेंगे भारत-न्यूजीलैंड रग्बी फुटबॉल मैच का शुभारंभ

राजगीर (नालंदा) (आससे)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार 27 अक्टूबर को हेलीकॉप्टर से राजगीर पहुंचेंगे। यहां स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी फुटबॉल मैच का शुभारंभ करेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रग्बी संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इस ऐतिहासिक मुकाबले का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, ग्रामीण विकास, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार समेत कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। मुख्यमंत्री के आगमन और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता और डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां की गई है।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में ललित कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंचे

अस्ताना (एजेंसी)। भारत के ललित ने अमेरिका के मैक्स एमिलियानो नोवरी को 7-0 हराकर ग्रीको रोमन



विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई, लेकिन तीन अन्य भारतीय पहलवान पहले दौर में ही बाहर हो गए।

ललित कांस्य पदक के मुकाबले में कजाकिस्तान के इस्कर कुरबायेव से भिड़ेंगे। अगर वह यह मैच जीत जाते हैं तो विश्व चैंपियनशिप में ग्रीको रोमन में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। संदीप तुलसी यादव एकमात्र भारतीय हैं जिन्होंने 2013 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता नितेश सिवाच सहित तीन अन्य भारतीय पहलवान शुरुआती मुकाबलों से आगे नहीं बढ़ पाए। सिवाच को 97 किलोग्राम वर्ग में जर्मनी के एंटोन व्यूएग से हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी के खिलाड़ी ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत हासिल की। करणजीत (72 किलोग्राम) अपने क्वालीफाइंग मुकाबले में जापान के रिनतारो सोगबे से 2-3 से हार गए।

दूसरे महिला वनडे में भारत जीता

जिम्बाब्वे 121 रनों से हारा, मेजबानों ने बनायी अजेय बढ़त

वडोदरा (एजेंसी)। हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा के शानदार शतकों के बाद बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा की घातक गेंदबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने जिम्बाब्वे को दूसरे वनडे मुकाबले में 121 रन से हरा दिया। रविवार को बीसीए स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 328 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 48.5 ओवर में 207 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में भी 3-0 से क्लीन स्वीप किया था।



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। नोमवेलो सिबांडा ने पारी के पहले ही ओवर में स्मृति मंधाना को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद शेफाली वर्मा भी आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। इस समय भारत का स्कोर 19 रन पर दो विकेट था। मुश्किल स्थिति में हरमनप्रीत कौर और प्रतिका रावल ने पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी कर टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। प्रतिका ने 67 गेंदों पर 61 रन बनाए, जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल रहे। वह 23वें ओवर में आउट हुईं। इसके बाद तेजल हसबनीस सिर्फ तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। हालांकि, दूसरे छोर पर हरमनप्रीत ने शानदार बल्लेबाजी जारी रखी और दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर भारतीय पारी को मजबूती दी। हरमनप्रीत ने 121 गेंदों पर 126 रन बनाए। उनकी पारी में 15 चौके शामिल रहे। उन्होंने मैदान के ऑफ साइड में बेहतरीन ड्राइव और कट शॉट लगाए। यह हरमनप्रीत के वनडे करियर का आठवां शतक रहा। हरमनप्रीत और दीप्ति शर्मा ने पांचवें विकेट के लिए 153 रन जोड़े।

हरमनप्रीत ने मिताली को पीछे छोड़ा, दीप्ति ने रचा इतिहास

वडोदरा (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 328 रन बनाए। वडोदरा के बीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा ने शतकीय पारियां खेलकर भारतीय टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। हरमनप्रीत ने जहां करीब 15 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा, वहीं दीप्ति शर्मा ने भी तेज शतक लगाकर इतिहास रच दिया। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए हुई 153 रनों की साझेदारी ने भी नया भारतीय रिकॉर्ड कायम किया। इस मुकाबले में भारतीय महिला क्रिकेट के नाम कई बड़ी उपलब्धियां दर्ज हुईं। हरमनप्रीत वनडे में भारत की दूसरी सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली बल्लेबाज बन गईं, जबकि दीप्ति ने छठे या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए वनडे शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला होने का गौरव हासिल किया। भारतीय बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में 121 गेंदों पर 126 रनों की शानदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 15 चौके लगाए। इसके साथ ही हरमनप्रीत ने करीब 15 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाया। हरमनप्रीत ने इससे पहले 22 जुलाई 2025 को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मुकाबले में 102 रनों की पारी खेली थी। वहीं, टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम एक शतक दर्ज है, जो उन्होंने 19 जून 2024 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगाया था।



फ्रेंच ओपन के फाइनल में पीवी सिंधू हारी

पेरिस (एजेंसी)। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का बीडब्ल्यूएफ फ्रेंच ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में शानदार अभियान उपविजेता बनने के साथ समाप्त हो गया। रविवार को खेले गए महिला एकल के फाइनल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर-1 खिलाड़ी एन से यंग के खिलाफ 21-16, 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने फाइनल में दमदार शुरुआत करते हुए पहला गेम 21-16 से अपने नाम किया, लेकिन इसके बाद एन से यंग ने जोरदार वापसी की। दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी ने अगले दोनों गेम 21-11 और 21-12 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस हार के साथ ही सिंधू फ्रेंच ओपन महिला एकल का खिताब जीतने वाली 1998 के बाद पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने से चूक गईं। भारत की अपर्णा पोपट ने 1998 में यह खिताब जीता था। इसके बाद से कोई भी भारतीय महिला खिलाड़ी फ्रेंच ओपन का महिला एकल खिताब नहीं जीत सकी है।

एन से यंग के खिलाफ सिंधू का संघर्ष फाइनल में भी जारी रहा। दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी ने इस जीत के साथ भारतीय शटलर के खिलाफ अपना जीत-हार का रिकॉर्ड 11-0 कर लिया। यानी सिंधू अब तक एन से यंग को एक भी मुकाबले में नहीं हरा सकी हैं। एन से यंग ने इस साल भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। फाइनल से पहले 2026 में उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 65-1 था। फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद उनकी लगातार जीत का सिलसिला 50 मैचों तक पहुंच गया। पीवी सिंधू के लिए यह साल का दूसरा सुपर 750 फाइनल था। इससे पहले उन्होंने जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीता था। उस टूर्नामेंट के फाइनल में सिंधू ने जापान की तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची को हराया था। दिसंबर 2024 के बाद यह सिंधू का पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब था और जापान ओपन में उन्होंने अपने करियर का पहला सुपर 750 खिताब भी जीता था। विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज सिंधू ने पहली बार फ्रेंच ओपन के महिला एकल फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में उन्होंने जापान की हिना अकेची को कड़े मुकाबले में 21-10, 20-22, 21-16 से हराया था। टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में भी सिंधू को थाईलैंड की सुपानिदा कातेथोंग के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा था।



शादाब-रऊफ ने इंग्लैंड के जबड़े से छीनी जीत

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच वनडे त्रिकोणीय सीरीज का चौथा मुकाबला आखिरी विकेट तक रोमांच से भरा रहा। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रविवार को पाकिस्तान ने 154 रन पर नौ विकेट गंवा दिए थे और इंग्लैंड जीत से महज एक विकेट दूर था। तभी शादाब खान ने ऐसा पलटवार किया कि पूरा मैच ही बदल गया। शादाब ने हारिस रऊफ के साथ आखिरी विकेट के लिए नाबाद 89 रन की ऐतिहासिक साझेदारी कर पाकिस्तान को एक विकेट से जीत दिला दी। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने फाइनल का टिकट भी कटा लिया। 242 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने महज 31 रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद सलमान आगा और साद बेग ने पारी को संभालने की कोशिश की। सलमान ने 26 रन बनाए, जबकि साद बेग ने 32 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी हुई। सलमान ने हसन नवाज के साथ भी पांचवें विकेट के लिए 28 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद पाकिस्तान के विकेट लगातार गिरते रहे। देखते ही देखते टीम का स्कोर 154 रन पर नौ विकेट हो गया। इंग्लैंड के खेमे में जीत की उम्मीदें बढ़ गईं और पाकिस्तान की हार लगभग तय नजर आने लगी। लेकिन आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे शादाब खान के इरादे कुछ और ही थे।



पडिक्कल और सुदर्शन ने भारत ए को संभाला

राहुल-यशस्वी फिर फ्लॉप, देवदत्त का पचासा, न्यूजीलैंड ए से अब भी पीछे

लिंकन (एजेंसी)। अंशुल कंबोज और आकिब नबी की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन वापसी की। न्यूजीलैंड ए की पहली पारी 317 रन पर ऑलआउट हुई और उसने 204 रनों की बढ़त हासिल की। भारत ए की पहली पारी 113 रन पर ढेर हुई थी। पहली पारी में भारत ए के बल्लेबाज पूरी तरह फ्लॉप साबित हुए थे। देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन ने शानदार साझेदारी कर दूसरी पारी में भारत ए को संभाले रखा। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ए ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 106 रन बनाए हैं। वह अभी न्यूजीलैंड ए से 98 रन पीछे है। न्यूजीलैंड ए को पहली पारी में ऑलआउट करने के बाद दूसरी पारी में भी भारत ए की ओपनिंग जोड़ी फ्लॉप रही। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल एक बार फिर सस्ते में आउट हुए। साइमन कीन ने पहले यशस्वी को आउट किया जो पांच रन बनाकर आउट हुए। वहीं, फ्रेजर शीट ने राहुल को पवेलियन की राह दिखाई।



राहुल चार रन ही बना सके। इसके बाद सुदर्शन और पडिक्कल ने भारत ए को संभाला। पडिक्कल ने इस दौरान अर्धशतक पूरा किया। स्टंप्स के समय पडिक्कल 89 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 56 और सुदर्शन 104 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 39 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ए को सस्ते में ऑलआउट करने के बाद न्यूजीलैंड ए ने मजबूत शुरुआत की। कर्टिस और कप्तान रिस मारियू ने पहले विकेट के लिए 132 रनों की साझेदारी कर न्यूजीलैंड ए को बढ़त दिला दी। इन दोनों बल्लेबाजों ने अकेले इतने रन जोड़े जितने भारत ए की पूरी टीम मिलाकर भी नहीं बना सकी। पहले दिन के खेल की समाप्ति से पहले मुकेश ने इस साझेदारी को तोड़ा। मुकेश ने मारियू को अपना शिकार बनाया जो 137 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 76 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आकिब नबी ने अपना दम दिखाया और लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लिए। आकिब ने जेडन लिनॉक्स और टिम रॉबिनसन को खाता खोले बिना आउट किया। न्यूजीलैंड ए ने दूसरे दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 135 रन से की। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने दबदबा बनाए रखा। कंबोज ने कर्टिस हेफी को आउट किया जो 44 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद उन्होंने मैथ्यू बोयले को अपना शिकार बनाया जो 17 रन ही बना सके। हालांकि, डीन फोक्सक्रॉफ्ट ने अर्धशतक लगाकर टीम की बढ़त को मजबूत किया। फोक्सक्रॉफ्ट को वाशिंगटन सुंदर ने आउट किया जो 51 रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड ए के लिए क्रिस्टियन क्लार्क ने 42, मिचेल हे ने 24, फ्रेजर शीट ने 7 और साइमन कीन ने 4 रन बनाए। वहीं, जैक गिब्सन 6 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ए के लिए अंशुल कंबोज और आकिब नबी ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि आकाश दीप को दो और मुकेश तथा सुंदर को एक-एक विकेट मिला।

तीसरे टी-20 में नहीं खेलेंगे फर्ग्यूसन हेनरी सीरीज के शेष मैचों से हुए बाहर

क्राइस्टचर्च (एजेंसी)। भारत के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज खेल रही न्यूजीलैंड की टीम के तेज गेंदबाजी विकल्पों की आने वाले दिनों में कड़ी परीक्षा होने वाली है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार, खिलाड़ियों के वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत तेज गेंदबाजों को रोटेट किया जा रहा है। लॉकी फर्ग्यूसन मंगलवार को वेलिंगटन में होने वाले तीसरे टी20 मैच के लिए यात्रा नहीं करेंगे, बल्कि रविवार को ऑकलैंड चले जाएंगे ताकि वे शुक्रवार को ऑकलैंड और फिर हैमिलटन में होने वाले चौथे और पांचवें टी20 मैच के लिए उपलब्ध रह सकें। वहीं, मैट हेनरी क्राइस्टचर्च में ही रुकेंगे, जहां पहले दो टी20 मैच खेले गए थे। वह इस सीरीज के बाकी बचे तीनों टी20 मैचों से बाहर हो गए हैं। इसके बजाय, वह न्यूजीलैंड और भारत के बीच चार नवंबर को खेले जाने वाले पहले वनडे मैच से पहले ऑकलैंड के लिए रवाना होंगे। काइल जैमीसन, जो शुरुआती दोनों टी20 मैचों का हिस्सा नहीं थे, तीसरे मैच के लिए वेलिंगटन जाएंगे और मैच के बाद वहीं रुकेंगे ताकि वे 31 अक्तूबर को वेलिंगटन के खिलाफ कैंटरबरी के फोर्ड ट्रॉफी दूसरे दौर के मैच के लिए उपलब्ध रह सकें। इसके बाद जैमीसन भी वनडे मुकाबलों के लिए ऑकलैंड रवाना होंगे। ब्लेयर टिकनर अंतिम तीन मैचों के लिए वेलिंगटन में टी20 टीम से जुड़ेंगे, जबकि जोश क्लार्कसन ऑकलैंड जाएंगे और अंतिम दो टी20 मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे।



बिहार फुटबॉल एसोसिएशन का चुनाव पटना में संपन्न

पटना। बिहार फुटबॉल एसोसिएशन का चुनाव एवं उसके पश्चात वार्षिक आम सभा का आयोजन 25 अक्टूबर 2026 को पटना में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रक्रिया अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुई।

चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन पदाधिकारी बैजू नाथ कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में तथा एआईएफएफ द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक हरेंद्र स्वैन के सहयोग से निर्धारित निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार संपन्न कराई गई। चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बिहार फुटबॉल एसोसिएशन के संचालन एवं विकास की जिम्मेदारी निम्नलिखित निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को सौंपी गई।



नव निर्वाचित पदाधिकारी-अध्यक्ष : जय बहादुर सिंह (एनआईएस कोच एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी), उपाध्यक्ष-अश्विनी खत्री, उपाध्यक्ष : विकास कुमार (गोल्डी), महिला उपाध्यक्ष : सुश्री प्रीति, कोषाध्यक्ष : सत्येंद्र कुमार (पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी), कार्यकारिणी समिति के सदस्य -शंकर कुमार सिंह, दिवाकर कुमार (राष्ट्रीय रेफरी), राजीव कुमार रंजन, सुनील कुमार प्रसाद, सुश्री पूजा जायसवाल, चंदन कुमार सिंह, संजय कुमार दयाल (एसओएम, पूर्व भारतीय खिलाड़ी), मधु कुमारी (एसओएम महिला, पूर्व भारतीय खिलाड़ी), संजीव कुमार (स्क्व एसपीए, ख्प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खिलाड़ी), नेहा (एसपीए, महिला, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खिलाड़ी)

नवगठित आम सभा के गठन के पश्चात वार्षिक आम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसोसिएशन के सुचारु संचालन तथा बिहार में फुटबॉल के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निम्नलिखित पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई।

महासचिव : श्याम बाबू सिंह, सचिव : संतोष कुमार सिंह, संयुक्त सचिव : मनोज कुमार, भवेश कुमार सिंह।

याशवन स्पोर्ट्स ग्राउंड पर अंडर-19 विंटर कप क्रिकेट टूर्नामेंट 10 से

पटना। बिहार में युवा क्रिकेट प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराने की दिशा में अंडर-19 विंटर कप लीग कम नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 10 नवंबर से 26 नवंबर तक याशवन स्पोर्ट्स, नौबतपुर में आयोजित होगी। यह जानकारी देते हुए एकेडमी के डायरेक्टर शुभम राज ने कहा कि टूर्नामेंट के विजेता को 51 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि के साथ आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से युवा क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और बेहतर प्रदर्शन के दम पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट प्रारूप में 25-25 ओवर के होंगे और सफेद गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। अंडर-19 विंटर कप का मुख्य आकर्षण विजेता टीम के लिए निर्धारित 51,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि और ट्रॉफी है। उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए नकद और ट्रॉफी प्रदान की जायेगी। इस पुरस्कार से खिलाड़ियों और टीमों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। टीम के प्रदर्शन के साथ-साथ व्यक्तिगत उपलब्धियों को सम्मानित करने की भी व्यवस्था की है। इसके तहत टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल से संबंधित उपयोगी पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर तीन प्रमुख पुरस्कार रखे गए हैं। इन पुरस्कारों के जरिए बल्लेबाजी, गेंदबाजी और पूरे टूर्नामेंट में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज - क्रिकेट बैट, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज - स्पाइक्स शूज, मैन ऑफ द सीरीज-बैट और ग्लव्स, प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 21,000 रुपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक टीमें और खिलाड़ी भागीदारी एवं पंजीकरण से संबंधित जानकारी के लिए आयोजकों से मोबाइल नंबर 9523228816 पर संपर्क कर सकते हैं।

राज्य स्तरीय विद्यालय बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता

पटना। खेल विभाग, बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन, पटना की मेजबानी में वार्षिक खेल कार्यक्रम 2026-27 के तहत खेल भवन- सह-व्यायामशाला में आयोजित प्रतियोगिता राज्य स्तरीय (अंतर प्रमंडल) विद्यालय बालिका अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बॉक्सिंग प्रतियोगिता के दुसरे दिन विभिन्न प्रमंडलों से आई बालिका खिलाड़ियों ने अलग-अलग भार वर्गों के मुकाबले में रिंग में अपनी तकनीक, कौशल और खेल क्षमता के साथ - साथ प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न आयु वर्गों और भार वर्ग के परिणाम इस प्रकार हैं- अंडर-19 वर्ग के परिणाम : 54-57 किलोग्राम : प्रथम स्थान - प्रिया कुमारी (तिरहुत)।57-60 किलोग्राम : प्रथम स्थान-साक्षी कुमारी (पटना), 60-64 किलोग्राम : प्रथम स्थान - सलोनी कुमारी (पटना), 64-66 किलोग्राम-प्रथम स्थान सोनी कुमारी (मुंगेर), 51-54 किलोग्राम-प्रथम स्थान रोहिणी कुमारी (दरभंगा), 69-75 किलोग्राम- प्रथम स्थान वंदना कुमारी (पटना), 75-81 किलोग्राम : प्रथम स्थान अंकिता कुमारी (पटना)।

अंडर-17 वर्ग के परिणाम : 46-48 किलोग्राम-प्रथम स्थान अंजू कुमारी (पटना), द्वितीय स्थान शिवानी कुमारी (सारण), तृतीय स्थान शबनम कुमारी (मुंगेर) और सानिया परवीन (दरभंगा), 50-52 किलोग्राम - प्रथम स्थान खुशी कुमारी (पटना), द्वितीय स्थान सुमन कुमारी (मुंगेर), 52-54 किलोग्राम प्रथम स्थान नंदिनी पांडेय (मधुबनी); द्वितीय स्थान खुशनुमा परवीन (दरभंगा); तृतीय स्थान अनु गुप्ता (मुंगेर), 54-57 किलोग्राम : प्रथम स्थान-आरती कुमारी (पूर्णिया); द्वितीय स्थान-अर्चना कुमारी (तिरहुत), 57-60 किलोग्राम : प्रथम स्थान -संस्कृति सिंह (मधुबनी); द्वितीय स्थान-निधि शांडिल्य (पटना), 60-63 किलोग्राम : प्रथम स्थान-रेन्सी सिन्हा (पटना); द्वितीय स्थान कनक लता (दरभंगा); तृतीय स्थान आरिबा हुसैन (मधुबनी) और पल्लवी सिंह (सारण), 63-66 किलोग्राम : प्रथम-खुशी रंजन (सारण) और द्वितीय-स्वेक्षा श्रद्धा (भागलपुर), 66-70 किलोग्राम : प्रथम स्थान-श्रेया (पटना)।